## खबर संक्षेप

### आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 2 सितम्बर को छिन्दवाड़ा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद श्री साहू सुबह 10:30 बजे चौरई के ग्राम कुंडा में दादागुरू के साथ बेलपत्र वाटिका शुभारंभ पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे ग्राम बनगांव में जस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 4 बजे श्रीनाथ स्कूल छिन्दवाड़ा में सरस्वती शिशु मंदिर के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे और शाम 5 बजे छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 43 षृष्टी माता मंदिर के पास एवं शाम 6 बजे वार्ड नं. 41 शहीद मेजर अमित ठेंगे वार्ड में रोड निर्माण का भुमि पूजन करेंगे।

### सरस्वती शिशु मंदिर का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज

**छिंदवाड़ा।** विद्याभारती केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत जबलपुर के मार्गदर्शन में ग्रामभारती छिंदवाड़ा द्वारा ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिरों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 02 सितंबर 2025, दिन मंगलवार को सायं 4 बजे स्थान श्रीनाथ हायर सेकंडरी विद्यालय बड़बन रोड छिंदवाड़ा में सम्पन्न होगा । प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री जी.एस.बघेल जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा, श्री जे.के.इडपाची जिला परियोजना समन्वयक, श्री नन्दकुमार पराडकर उपाध्यक्ष महाराष्ट्र मंडल छिंदवाड़ा, श्री प्रमोद शर्मा प्राचार्य श्रीनाथ विद्यालय तथा माननीय विवेक जी साहू (बंटी भैया) सांसद जिला छिंदवाड़ा-पांढुर्णा, श्रीमान शेषराव यादव जिलाध्यक्ष भाजपा छिंदवाड़ा की उपस्थिति में संपन्न होगा । खेलकूद प्रतियोगिता बाल वर्ग भैया / बहिन समुह खो-खो, एकल में दौड 100 मी., 200 मी., 400 मी. 600 मी., कूद लम्बी, ऊंची, फेक गोला 4 कि., तवा प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी । खेलकूद समारोह में जिले के सात संकुल से अपेक्षित 250 प्रतिभागी एवं 30 संरक्षक आचार्य / दीदी 10 निर्णायक उपस्थित होंगे ।

### आक्रोशित ग्रामीण उतरे सड़क पर, शव रखकर जताया आक्रोश, जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन

# चोरों को पकड़ने के दौरान युवक की हत्या, सड़क पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

न्यूटन पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव में चोरी की एक घटना में चोरों को पकड़ने के दौरान एक व्यक्ति की हत्या हो गई । वहीं पुलिस के हत्थे दो चोर चढ़े एक फरार हो गया ।आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के अगले दिन मृतक का शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया । प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद खोला गया ।





मिली जानकारी के अनुसार गत रविवार रात करीब 9:00 बजे बेलगांव के पिपरिया मुख्य मार्ग पर निवास करने वाले साहू परिवार के कुछ सदस्य समीप के गणेश मंदिर में आरती करने पहुंचे थे । वे घर में एक बीमार सदस्य होने के चलते उसे घर में ही छोड़ बाहर से ताला लगाकर गए थे । इसी दौरान तीन अज्ञात लोग मोटर साइकिल से पिपरिया की ओर जा रहे थे, जिन्हें साहू परिवार के मकान पर ताला लगा दिखा । वे चोरी करने की गरज से ताला तोड़कर घर में घुसे, लेकिन घर में एक सदस्य होने पर उसने चिल्लाया तो आसपास के लोग दौड़े और मंदिर में मौजूद लोग भी वापस आए । जिन्हें देखकर चोर भाग खड़े हुए । इसके बाद उन्हें पकड़ने के लिए लोग दौड़े । जिसमें एक चोर पकड़ में आया जिसने साहू परिवार के 40 वर्षीय मिलन साहू जो तामिया में कियोस्क चलाता है पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया । वहीं दो अन्य कर फरार हो गए । इधर मिलन के गंभीर घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया और पकड़े गए चोर पुलिस के हवाले कर दिया गया । अस्पताल में डॉक्टर ने मिलन को मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने फरार दो चोरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की ।

#### माहुलझिर में पकड़ाया एक चोर

घटना को अंजाम देने के बाद दो आरोपी फरार हो गए । जिसमें से एक को माहुलझिर पुलिस ने पकड़ा , दूसरा आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया ।

#### दो दिन की मिली रिमांड

पुलिस ने पकड़ में आए दो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया , जहां से पुलिस को आरोपियों से विस्तृत पूछताछ के लिए दो दिन की रिमांड मिली है ।

#### एक घंटा रोका गया मुख्य मार्ग

घटना के अगले दिन सोमवार को पीड़ति परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने पिपरिया मुख्य मार्ग पर मृतक का शव रखकर एक घंटे तक चक्का जाम रखा । मृतक के चार बच्चे -मृतक मिलन साहू के चार बच्चे हैं, कृषि कार्य कर अपने बच्चों को लालन-पालन कर रहा था। अचानक हुई घटना ने इस परिवार को बढ़ा आघात दिया है ,पत्नी पढी लिखी है , इसलिए प्रशासन से मृतक के परिजनों ने नौकरी दिलाने की बात पर अड़े रहे । मौके पर मौजूद एसडीएम शुभम यादव के द्वारा नियमानुसार सहायता करने के आश्वासन और डी एस पी जीतेन्द्र जाट की समझाईश के बाद चक्का जाम खोला गया ।

#### पिपरिया - बरेली के हैं आरोपी

घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पिपरिया और बरेली के हैं । जिनमें आरोपी आसिफ मंसूरी और देवी ऊर्फ देवराज पुलिस हिरासत में है और गोल्डी ऊर्फ आरिफ फरार है । ये आदतन अपराधी है ।

## घर घर विराजे विघ्नहर्ता



**छिंदवाड़ा। शहर के महाराष्ट्रीय परिवारों के अलावा भी अब गणेश प्रतिमा स्थापना की परम्परा तेजी से बढ़ रही है। हिन्दू संस्कृति में गणेश उत्सव का पर्व मानव जीवन के लिए बड़ी ही श्रद्धा, उत्साह और आत्मविश्वास लेकर आता है। अध्यात्म की अविरल धारा के बीच गणेश उत्सव की रौनक बाजार में भी देखने को मिलती है। गुलाबरा स्थित गड़करी परिवार में विराजे विघ्नहर्ता की आकर्षक मूर्ति विराजमान है।**

### जिले में अभी तक 834.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 834.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1065.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 01 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 06 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 01 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.8, तामिया में 20, चौरई में 03, हर्रई मे 19.2, परासिया में 7.2, जुन्नारदेव में 6.2, चांद में 2.2 और उमरेठ में 6.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 744.60, मोहखेड़ 817.90, तामिया में 892, अमरवाड़ा में 833.60, चौरई में 768.20, हर्रई में 1131.10, बिछुआ में 819.40, परासिया में 644, जुन्नारदेव में 843.40, चांद में 862.10 वर्षा दर्ज की गई।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना ने निशुल्क किया 51 मरीजों का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू ने बताया है कि राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा निरंतर समाजसेवी कार्य किए जा रहे है इसी तारतम्य में राष्ट्रीय हिंदू सेना छिंदवाड़ा के तत्वधान में विशाल निशुल्क नेत्र शिविर ग्राम उभेगांव लगाया गया जिसमें लगभग 231 मरीजों का चेकअप किया गया जिसमें 51 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया 30 मरीज अभी इलाज के लिए जबलपुर जा रहे हैं बाकी मरीज कुछ दिनों के पश्चात इलाज के लिए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम मे राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश प्रभारी जिलाध्यक्ष यमन साहू जिलापाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली जिला मंत्री राहुल साहू नगर अध्यक्ष विक्की साहू ब्लॉक संयोजक धर्मेंद्र पटेल छात्र परिषद जिला उपाध्यक्ष राही साहू कार्यकारिणी सदस्य प्रथमेश वर्मा कुलविंदर सिंह दुर्गेश सूर्यवंशी और अधिक सख्यां में सभी कार्यकर्ता पदाधिकारीगढ़ मौजूद रहे।

## 20 घरों में पाये लार्वा को किया नष्ट

**छिन्दवाड़ा।** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-02 गायत्री वार्ड कृष्णानगर एवं माखनलाल चतुर्वेदी वार्ड 42 में 3 दल द्वारा 144 घरों में लार्वा सर्वे किया गया व 20 घरों में पाए लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया। सीएमएचओ छिंदवाड़ा डॉ.गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है कि अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके, टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दें। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जाये, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करें। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर जिला चिकित्सालय/छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराए। इस प्रकार जिले में डेंगू के संचरण के प्रसार को समाप्त/कम करने में सहयोग करें।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर होगा भव्य आयोजन



**सिंगोड़ी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सिंगोड़ी में आशिके ए रसूल कमेटी के द्वारा एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आशीके ए रसूल कमेटी द्वारा हुजूर साहब के 1500वें जन्मदिन के मौके पर इस्लामी सबाल जबाब प्रोग्राम 3/9/2025 बुधवार उर्दू तारीख 10 रविउल अव्वल को किया जा रहा है । जिसमें प्रथम इनाम उमरा की टिकट रखी गया है एवं और 11 बड़े नाम रखे गए हैं साथ ही1 से 12 रविउल अव्वल तक प्रतिदिन लंगर का आयोजन किया जा रहा है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर इलमन मिस्किनी ने बताया कि इस अवसर पर लोगों को एक साथ लाने और समाज में प्रेम और भाईचारा दीनी मालूमात बढ़ाने के लिए सवाल जबाब प्रोग्राम एवं लंगर का आयोजन किया जा रहा है।ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द का संदेश फैलता है। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में धार्मिक झांकियां और मिठाइयां बांटी जाती हैं और लोगों को मुबारकबाद दी जाती है। इस अवसर पर लोग एक-दूसरे को बधाई देते हैं और समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के लिए काम करते हैं।

## महाराजा के दर्शनार्थ उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**छिंदवाड़ा।** गणराज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित भगवान श्री गणेश छिंदवाड़ा के महाराजा के चौदहवें वर्ष में इस वर्ष बहुत ही सुंदर मनमोहक काशी विश्वनाथ धाम की प्रतिलिपि झांकी बनाई गई है यहां प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक,धार्मिक संगठनों द्वारा आरती की अनूठी परंपरा है साथ ही यह पंडाल प्रथम दिवस से ही भक्तों के लिए खुल जाता है पंचम दिवस की रात्रि कालीन आरती का सौभाग्य शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को प्राप्त हुआ आरती के पश्चात संस्था ने आयोजन समिति को भगवान गणेश छिंदवाड़ा के महाराजा का छायाचित्र भेंट किया । छठवें दिन की प्रातः कालीन आरती में विद्या भूमि पब्लिक स्कूल की डायेक्टर श्रीमती विजया यादव के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाये एवं विद्यार्थियों ने श्री छिंदवाड़ा के महाराजा के दर्शन कर महाराजा की महाआरती उतारी इस अवसर पर श्रीमती यादव ने कहा ये बड़ा ही अद्भुत क्षण है जब हम स्वयं के साथ अपने बच्चों को भी गणेश भक्ति की अविरल धारा से जोड़ रहे है शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का भी होना आवश्यक होता है गणराज सोसाइटी की ओर से उपाध्यक्ष इमरत चक्रवर्ती ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।



## शहर स्वच्छ रहेगा तब ही शहरवासी स्वस्थ्य रहेंगेः भाजपा जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सोमवार सुबह नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित छिंदवाड़ा गौरव दिवस के उपलक्ष्य में चलाए गए स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। छिंदवाड़ा गौरव दिवस पर स्वच्छता अभियान स्थानीय फव्वारा चौक से गोलगंज तक चलाया गया। यह स्वच्छता अभियान 5 दिनों तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा गौरव दिवस नगर पालिक निगम की एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा का गौरव स्थापित करने के लिए सबसे पहले शहर को स्वच्छ करना होगा। उन्होंने कहा कि शहर स्वच्छ रहेगा तब ही शहरवासी स्वस्थ्य रहेंगे। श्री यादव ने कहा कि गौरव और सफलता की प्रथम सीढ़ी स्वच्छता है इसीलिए छिंदवाड़ा गौरव दिवस पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सभी शहरवासियों को आगामी 5 दिनों तक चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आवाहन किया साथ ही उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

## सरपंच एवं उपसरपंच के नाम नागपुर और पांढुर्ना की मतदाता सूची में

### मप्र और महाराष्ट्र दोनों जगह वोटिंग का कांग्रेस ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा




आज यहां कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ नेताओं ने ग्रामपंचायत लांघा की सरंपच वनीता पराडकर और इनके उपसरपंच पति गणपति पराडकर पर निर्वाचन आयोग के साथ धोखाधडी का आरोप लगाया। कांग्रेस ने इन दोनों जनप्रतिनिध्यियों का नागपुर और पांढुर्ना दो स्थानों पर मतदाता सूची में नाम दर्ज होने बाबत मुख्य निर्वाचन अधिकारी पांढुर्ना के नाम तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। शिकायत के साथ कांग्रेस द्वारा इस बारे में साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए।

कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने दावा किया है कि सरपंच और उपसरपंच ने गत पंचायत चुनाव के समय लांघा में, नगरनिगम चुनाव के समय नागपुर में तथा विधानसभा चुनाव के समय पांढुर्ना और नागपुर दोनों जगह पर मतदान किया है। कांग्रेस ने सरपंच और उपसरपंच के विरूद्ध शासन के साथ धोखाधडी का मामला कायम करने तथा सरपंच और उपसरंच को पद से हटाने की मांग की। इस मौके पर विधायक निलेश उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके, जनपद अध्यक्ष लता तुमडाम, गणपति आगरे, जनपद सदस्या पठाडे मैडम तथा अनील राउत के अलावा अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे। उपसरपंच गणपति पराडकर के अनुसार नागपुर में उनका मकान है इसलिए नाम जुडवाया था। गत 29 अगस्त को हमने नागपुर में नाम कटवाने का आवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

कांग्रेस के अनुसार पांढुर्ना की ग्रामपंचायत लांघा की सरपंच वनीता का नाम का नाम महाराष्ट्र के नागपुर में पोलिंग बुथ क्र. 153 बस्तवारी लालगंज की मतदाता सूची में मतदान क्र. 509 इपिक नंबर वाईजीआर 7233261 पर दर्ज है। उपसरपंच गणपति का नाम नागपुर में इसी पोलिंग बुथ क्र. 163 पर मतदान सूची क्रत्र 508 पर दर्ज है जिसका इपिक नंबर वाईजीआर 72331882 है। दूसरी ओर वार्ड क्र. 9 ग्रामपंचायत लांघा तहसील पांढुर्ना जिला पांढुर्ना मध्यप्रदेश में वनीता सरपंच निर्वाचित हुई है। यहां वनीता का मतदान क्र. 730 और इपिक नंबर झेडएसपी 0912626 है।

## कलेक्टर ने की सीएम हेल्प लाईन शिकायतों की समीक्षा



**पांढुर्ना।** सीएम हेल्पलाईन के शिकायती आवेदनों के सबंध में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज समीक्षा बैठक ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 50 दिनों से अधिक समय लंबित मामलों में 6 अधिकारियों को नोटिस जारी किया। कुछ प्रकरणों में कलेक्टर ने ऐसी विसंगतियां पाई जिनका निराकरण नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि अगस्त माह में पांढुर्ना जिला "ए" ग्रेड के साथ चौथे स्थान पर है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पीएम आवास संबंधी हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश कलेक्टर महोदय ने दिए। 50 दिवस से अधिक समय तक लंबित रहने के कारण परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है कि पांढुर्ना जिले को उच्च रैंकिंग मिले ऐसी कोशिश की जानी चाहिए।

### पांच साल से लंबित मांग को मिला मूर्त रूप, जनप्रतिनिधियों की मेहनत लाई रंग

## हिरदागढ़ और ज़म्बाड़ा में भी अब रुकेगी पेंचवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



इस आदिवासी और कोयला अंचल की ग्राम पंचायत हिरदागढ़ के ग्रामीणों की लगभग बीते 5 वर्षों की बहुप्रतीक्षित मांग आज मूर्त रूप में साकार ले रही है। क्षेत्रीय सांसद विवेक (बंटी) साहू की पहल पर मध्य रेलवे के द्वारा नैनपुर से इंदौर के बीच चलने वाली पेंचव्हेली एक्सप्रेस का स्टॉपेज हिरदागढ़ रेलवे स्टेशन में स्वीकृत कर लिया गया है। आगामी 3 सितंबर 2025 से यह सुविधा लागू हो जाएगी। मध्य रेलवे के पत्र क्रमांक टी- 649 /ए/ 12/ ट्रेन हॉल्ट के मुताबिक नैनपुर-इंदौर के बीच चलने वाली पेंचव्हेली एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 19344) अब हिरदागढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रति रात्रि 12:02 पर रुककर 12:04 पर इंदौर के लिए रवाना होगी। तो वहीं दूसरी ओर इंदौर से चलकर नैनपुर की ओर जाने पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 19343 अब हिरदागढ़ रेलवे स्टेशन पर रात 1:48 पर रुककर 1:50 पर छिंदवाड़ा के लिए रवाना होगी। मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नागपुर से जारी इस पत्र के बाद हिरदागढ़ ग्राम पंचायत के निवासियों के द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा जिले के संवेदनशील सांसद विवेक बंटी साहू के प्रति आभार ज्ञापित किया गया है।

## कोरोना काल से बंद हुई ट्रेन शुरू होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



**छिंदवाड़ा।** आदिवासी अंचल के लोगों को पिछले कई दशकों से मिल रही रेल सुविधाओं में अचानक कोरोना काल में ग्रहण लग गया था, कोरोना के नाम से बंद की गई पेंचव्हेली एक्सप्रेस जब पुनः प्रारम्भ हुई तो जुन्नारदेव के पालाचौरई, हिरदागढ़ एवं बरेलीपर रेल्वे स्टेशनों पर स्टॉपेज यथावत नही रखा गया था, जिससे आदिवासी क्षेत्र के इन स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों में भारी निराशा हुई थी उनको दशकों से मिल रहीं सुविधा बगैर कारण बताए छीन लिए जाने से क्षेत्रवासी आक्रोशित हो रहे थे। क्षेत्रवासी अपनी इस सुविधा को पुनः प्रारम्भ कराने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों से भी बार बार गुहार लगा रहे थे। विधानसभा की इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने 24 मई 2024 को मध्य रेल के डी आर एम को पत्र लिखकर हिरदागढ़ सहित जुन्नारदेव विधानसभा की हिरदागढ़,बरेलीपार एवं पालाचौरई में पातालकोट एवं पेंचव्हेली एक्सप्रेस के स्टॉपेज के लिए माँग की गई थी। विधायक श्री उईके के द्वारा लिखे गए पत्र के जबाब में इन माँगों के सम्बंध में पी एस खैरकर अपर मंडल रेलप्रबंधक मध्य रेल नागपुर ने विधायक श्री उईके को दिनाँक 27 मई 2024 को एक पत्र प्रेषित करते हुए अवगत कराया था कि किसी भी रेल्वे स्टेशन पर गाड़ी का ठहराव रेल्वे बोर्ड के अधीन एक नीतिगत फैसला है। इसके पश्चात विधायक श्री उईके ने 7 जुलाई 2025 को नागपुर में डी आर एम श्री दिनेश गर्ग से मुलाकात कर जुन्नारदेव के रेल ओव्हर ब्रिज के लांचिंग शैड्यूल के साथ ही उपरोक्त रेल्वे स्टेशनों पर पातालकोट एवं पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर के स्टॉपेज की माँग को पुनः दोहराया था।

## हनुमान लोक आस्था, सेवा, सदभाव का जीवत केंद्र है: विवेक महाराज

# हनुमान लोक में हुआ प्रसादम एवं भक्त निवास का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




सुप्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली मंदिर परिसर में षनिवार को प्रसादम एवं भक्त निवास का भव्य षुभारंभ किया गया गया। इस अवसर पर श्रद्धेय विवेक महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा पाठ कर लोकार्पण विधि सम्पन्न कराई। समारोह में मुख्य रूप पूर्व मंत्री नाना मोहोड, कलेक्टर अजय देव शर्मा, वनमंडलाधिकारी सचिन नटघरी, ट्रस्ट संरक्षक दादाराव बोबडे, मंदीर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल षर्मा, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल सहित ट्रस्ट कमेटी ओर बडी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे। श्री हनुमान की पूजा अर्चना आरती के पष्चात प्रसादम व्यवस्था का श्री विवेक महाराज हस्तें षुभारंभ किया गया। अवसर पर बोलते हुये श्री विवेक महाराज ने कहा कि, जामसांवली केवल उपासना का स्थान नही बल्कि यह आस्था, सेवा और समाज में सदभाव का जीवंत केन्द्र है। प्रसादम और भक्त निवास की यह नई सुविधा भक्तों को सुविधा प्रदान करने के साथ ही भक्ति का मार्ग को और सुगम बनायेगी। यहा आनेवाला प्रत्येक श्रद्धालू आत्मिक षांति और नई ऊर्जा प्राप्त करता है। पूर्व मंत्री नाना मोहोड ने कहा कि, हनुमान लोक क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यहा निरंतर हो हरे विकास कार्यो से श्रद्धालूओं को नई सुविधा मिल रही है। प्रास्ताविक उदबोधन में मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल षर्मा ने कहा कि, भक्त निवास में भक्तों को ठहरने की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। वही प्रसादम केन्द्र से प्रतिदिनि हजारों श्रद्धालू लाभान्वित होगे। श्री षर्मा ने इस व्यवस्था की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर अजय देव षर्मा ने कहा कि, हनुमान मंदिर धार्मिक स्थल केवल आस्था के केन्द्र नही होते बल्कि यह समाज को एकता , सेवा और सदभाव का भी संदेष देते है। आयोजन की सफलतार्थ ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल षर्मा, संरक्षक दादाराव बोबडे, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकार, एड एम एन खंडाईत, सचिव टिकाराम कारोकार, संदीप मोहोड, संजु डवरे, मनोहर षेलकी, षिषिर खंडार, एड अजय धवले, पांढुरंग बोबडे, नितीन मोहगांवकर, वसंतराव येलमुले, वसंत षेलकी, मोहन ताजने, नीलेष जुननकर, भीमराव वाकोडे, राजु बाविसटाले, आदि थे।

## तिरंगा यात्रा में शामिल होने कोटवार संघ ने ली बैठक

**सौंसर।** तहसील कोटवार संघ सौसर की की बैठक संपन्न हुई बैठक में आगामी समय में भोपाल में होने वाली तिरंगा यात्रा के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए तहसील कोटवार संघ सौसर अध्यक्ष अजय गजभिए ने बताया की संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमान रामनाथ झरवड़ेके मार्गदर्शन में संघ के द्वारा निरंतर बैठक के कार्यक्रम एवं कोटवार साथियों की समस्या ऑन का समाधान करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बड़ी संख्या में कोटवार साथियों ने उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया इसके लिए कोटवारों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक के दौरान तहसील कोटवार संघ शाखा जिला अध्यक्ष रामनाथ झरबडे आगामी 4 सितंबर को भोपाल में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमें कोटवारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकार एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। इस रैली में हमें सौसर तहसील के सभी कोटवारों को अनिवार्यता के साथ में उपस्थित होकर अपने मांगों के लिए सरकार के सामने मांग करनी है। बैठक के दौरान सभी कोटवारों के द्वारा भोपाल में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का संकल्प भी लिया गया।

## निबंध प्रतियोगिता में युवाओं ने रखे शाश्वत मानव मूल्यों पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार एवं राम चंद्र मिशन हार्टफुलनेस मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित निबंध लेखन कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय, दमुआ के प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिरुचि एवं सृजनात्मकता को प्रोत्साहन देने हेतु निबंध प्रतियोगिता (आर्टिकुलेशन) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "युवा में शाश्वत मानव मूल्यों के प्रति समर्पण" रखा गया।प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को शोधपरक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता, आत्मविकास एवं आत्मक्षमता जैसे मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने आत्मानुशासन, आत्मबल तथा एक आदर्श नागरिक के रूप में युवाओं की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के लेखन कौशल को निखारने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, मूल्यबोध और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी जगाते हैं।कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. विमल कुमार कौशले एवं वैभव पाटिल द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सार्थक और सफल बनाया। समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

## कार्य. उपपुलिस अधीक्षक श्री उईके को किया सेवानिवृत्ति पर सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

सेवानिवृत्ति पर स्टॉफ ने धूमधाम से दी विदाई।चौरई। चौरई थाना में पदस्थ कार्य. उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी गणपत उईके 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुये। उनकी सेवानिवृत्ति पर चौरई थाना स्टाफ ने गाजे बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से विदाई दी। इस अवसर पर चौरई स्टॉफ द्वारा आयोजित एक निजी लॉन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने श्री उईके के चौरई थाना के कार्यकाल की सराहना करते हुये उन्हें सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह, पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, चौरई विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, शैलेन्द्र(बबलू) पटेल, एस डी एम प्रभात मिश्रा, एस डी ओ पी भारती जाट, तहसीलदार प्रीति पटेल, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, प्रेस क्लब चौरई के पत्रकारगण, चाँद व बिछुआ टी आई सहित श्री उईके का परिवार व शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं की उपस्थिति में हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा के बड़कुही में फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ ।यह आयोजन भाजपा युवा नेता मंडल उपाध्यक्ष अंकुर मेहरा एवं सिध्दार्थ सिंह द्वारा आयोजित कराया गया था । इस भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष माया डेहरिया , महामंत्री सुजाता तिवारी , अनु जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र डेहरिया , युवा नेता रणविजय सिकरवार , विकास अग्रवाल , वरिष्ठ भाजपा नेता बैकुंठ राय , बड़कुही नगर परिषद के सम्मानित पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित

## व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**तामिया।** विभिन्न मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत दिनांक 1 सितंबर को विकास खंड तामिया के व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षा अधिकारी कार्यालय रमसा तामिया में को सैलेरी इंक्रीमेंट एवं E अटेंडेंस के संदर्भ मे साथ ही वेतन वृद्धि हेतु, ई अटेंडेंस के संबंध में एवं मातृत्व अवकाश और अन्य अवकाश के संबंध में ज्ञापन दिया गया,उनके द्वारा डीपीआई को लेटर फारवर्ड करने के लिए आश्वस्त किया गया,ज्ञापन देते समय व्यावसायिक प्रशिक्षक ,महेश कुमार गौतम,रजत गायकवाड़ ,सुशील नागेश्वर,पुष्पराज ठाकरे, प्रदीप उईके,विजेता विशेन ,चंद्रहास चौधरी,छाया ठाकरे,प्रियंका बिसेन,दीपक साहू ,द्वारका प्रसाद,अनुराग पारधी सहित समस्त व्यावसायिक प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए विलास बुले हुए सम्मानित



**सौंसर।** हाल ही में संयुक्त माली सैनी समाज द्वारा स्वर्गीय रामजी महाजन जी की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महात्मा फूले भवन भोपाल में स्व. रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान 2025 का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कलेक्टर जी पी माली अध्यक्ष संयुक्त माली - सैनी समाज द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गौर, मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण श्रीमती मालती राय, महापौर आलोक शर्मा, सांसद किशन सूर्यवंशी, पी सी शर्मा रविंद्र यति अध्यक्ष भाजपा जिला भोपाल के उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन में सौसर पांढुर्णा से उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए विलास बूले को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महासचिव राजेंद्र कुमार,आर.के खरे, सुशील घाटोड़, प्रशांत कडू,प्रवीण कडू, आनंद जाधव आदि थे।भोपाल में सम्मानित होने पर सौसर में विलास बुले का क्षेत्र वासियों ने भी बधाइयां दी जा रही है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लगाये चौके छक्के

**सौंसर।** लिटिल स्टेप बोरगांव में विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में14 एवं 19 वर्ष बालक खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया प्रतियोगिता काशुभारभ लिटिल स्टेप बोरगांव अनिल खांबोलकर,विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे ने किया। आयोजन को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी बाबा खान ने कहा कि इस वर्ष विकासखंड प्रतियोगिता में जैसे खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में बहुत अच्छे सुधार लाकर अपना ,अपने माता-पिता अपने विकासखंड का नाम रोशन कर रहे हैं।विकासखंड खेल प्रभारी मिलिन्द चारे ने कहा की खेल हमें सिखाते हैं की जीत और हार जीवन का हिस्सा है वह हमें हार को स्वीकार करने और अगली बार और अधिक दृढ़ता के साथ प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं।हम सबने मिलकर क्रिकेट को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प ले खेले स्वस्थ रहे और अपने देश का अपने विकासखंड को गौरांवित करना चाहिए।इस दौरान पीटीआई मंदा ठाकरे, एन के चौहान तुरेंन्द कुमार आदि थे।

# दशहरा आयोजन समिति की बैठक संपन्न

### दशहरा चल समारोह में भगवान शिव की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र- विवेक पटेल

वारासिवनी।



दशहरा पर्व की तैयारी को लेकर दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल की अध्यक्षता में रविवार को नगर के बड़ा श्री राम मंदिर में सर्व समाज के अध्यक्षों व पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और किस प्रकार से दशहरा पर्व को भव्य रूप से मनाया जा सकता है, इस विषय पर नागरिकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में नगर के विभिन्न चौक चौराहों में भगवान श्रीराम की झांकियां लगवाने, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, शहर की सजावट, दशहरा मैदान में आतिशबाजी, दशहरा मैदान में रोशनी कराने, राम-लक्ष्मण-सीता सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में चल समारोह के दौरान विभिन्न प्रकार की आकर्षक झाँकियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। वहीं नगर में संचालित ब्रह्माकुमारी संस्थान से भी शोभा यात्रा में झाँकी शामिल करने के बारे में चर्चा करने का निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण के रुप में भगवान शिव की झाँकी को भी शमिल करने का निर्णय लिया गया।

### पिछले वर्ष की अपेक्षा भव्य रूप मे मनाया जाएगा दशहरा पर्व-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि दशहरा पर्व हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति से जुड़ा आयोजन है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जोडन्ना वाला उत्सव हैं। इस बार दशहरा पर्व के लगभग एक महीने पूर्व बैठक ली गई हैं। समिति की ओर से ऐसे प्रबंध किए जाएंगे, जिससे पिछले वर्ष की अपेक्षा और अधिक से अधिक लोग दशहरा पर्व पर पहुँचे और ऐतिहासिक दशहरा पर बना सके। हिन्दू आस्था के अनुसार दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत के रूप में मनाया जाता हैं, वारासिवनी का दशहरा देखने बालाघाट सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र के लोग पहुंचते हैं। पिछले वर्ष रावण, मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला दहन किया गया था, इस बार सबके विचार आया है कि सिर्फ रावण का ही पुतला दहन किया जाए।

### ये रहें मौजूद

बैठक में शाहिद खान, विक्रम देशमुख, संदीप मिश्रा, अजय बिसेन, रविंद्र रूसिया, सुदेश गुड्डु सोनी, सुरेश कुर्वे, झामसिंह भगत, आनंद बिसेन, राहुल अरोरा, कैलाश दुल्हानी, जावेद अली, भुवन लोहार, राजा अली, चंदू बुरड़े, अमन पटेल, भय्यु अग्रवाल, चिंटू जैन, राकेश वर्मा, विजय बिसेन, जगदीश नेमा, कालू जेठवानी, जग्गी निराला, विवेक जुझार, संदेश बिसेन, हरि क्षीरसागर, वीरेंद्र सोहाने, पप्पू लालवानी, गोविल चौरे, प्रणय धार्मिक सहित अन्य नागरिकगण मौजूद रहे।

### मुआवजा लेकर भूमि खाली नहीं करने वालों को दी चेतावनी

# शीघ्र भूमि खाली करे,अन्यथा प्रशासन करेगा कार्यवाही



**वारासिवनी।** पिछले डेढ़ वर्षो से वारासिवनी- बालाघाट मार्ग पर ग्राम वारा की रेल्वे क्रासिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य की गति अचानक थम जाने और एप्रोच रोड का निर्माण नहीं होने से नागरिकों को हो रही भारी परेशानियों को देखते हुए सोमवार को विधायक विवेक विक्की पटेल के साथ एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार वंदना कुसराम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, लोक निर्माण विभाग एसडीओ अर्जुन सनोडिया सहित राजस्व विभाग के अमले ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

#### अतिक्रमण के कारण नहीं बन पा रही एप्रोच रोड

इस निरीक्षण के दौरान यह बात खुलकर सामने आई कि निर्माण कार्य की सीमा में आने वाले भूमि स्वामियों द्वारा शासन ने भूअर्जन की राशि ले ली गई हैं, लेकिन अपने किए गए निर्माण को उनके द्वारा आज तक हटाया नहीं गया हैं। जिसके कारण ओवर ब्रिज बनाने वाला ठेकेदार एप्रोच रोड नहीं बना पा रहा हैं। यहीं नहीं इसके पहले के अधिकारियों ने इन हितग्राहियों को मुआवजा तो दे दिया, लेकिन उनके निर्माण कार्यो को हटाने में कोई विशेष रुचि नहीं ली, जिसके कारण हितग्राहियों ने शासन से रकम लेने के बाद भी अपना कब्जा भूमि पर से नहीं हटाया हैं।

### तत्काल कब्जा हटाने एसडीएम ने दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ऐसे सभी हितग्राहियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जितनी भूमि का उनके द्वारा शासन से राशि ले ली गई हैं, उतनी भूमि पर से वह अपना कब्जा तत्काल हटाये, अन्यथा शासन द्वारा उस भूमि पर किए गए कब्जे को हटा दिया जायेगा। इस दौरान कुछ हितग्राहियों ने एसडीएम के सामने अपनी बात रखने का प्रयास भी किया, लेकिन उन्होंने सख्ती के साथ सभी को अपना कब्जा हटा लेने के निर्देश दिए।



### ठेकेदार को शीघ्र एप्रोच रोड बनाने दिए निर्देश

निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ठेकेदार को भी अतिशीघ्र एप्रोच रोड का निर्माण करने और मार्ग पर रखी हुई निर्माण सामग्री को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक माह के अंदर एप्रोच रोड का कार्य पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए हैं। वहीं रेल्वे क्रासिंग के ऊपर से ओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए कलेक्टर बालाघाट को पत्र लिखकर रेल्वे से चर्चा करने का आश्वासन दिया हैं। जिससे रेल्वे क्रासिंग के ऊपर के हिस्से में भी ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो सके।

# 15 करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से हो रहा रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण

**वारासिवनी-बालाघाट** मार्ग स्थित ग्राम वारा में रेल्वे क्रासिंग के ऊपर से बन रहे रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण वैनगंगा कंट्रक्शन कम्पनी बालाघाट द्वारा किया जा रहा हैं। इस पुल की लम्बाई 458 मीटर हैं, जिसका निर्माण कार्य 23 मार्च 2024 को शुरू किया गया था और अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करना हैं। मगर यह ओवर ब्रिज अब तक पूर्ण होता हुआ नजर नहीं आ रहा हैं। ओवर ब्रिज निर्माण की गति को देखते हुए इसके अब 2026 में ही पूर्ण होने की संभावना हैं।

### सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को होती हैं बेहद परेशानी

ओवर ब्रिज निर्माण के कारण वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर बड़े भारी वाहनों व चार पहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगी हुई हैं। वहीं दो पहिया वाहन धारकों को भी इस मार्ग से आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। सर्वाधिक परेशानी सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही हैं। विद्यालय जाने-आने के समय में इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है एप्रोच रोड का पूर्ण रुप से निर्माण नहीं होने के कारण इन विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती हैं।

### अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाएंगे, तो प्रशासन करेगा कार्यवाही- कार्तिकेय जायसवाल

मीडिया से चर्चा में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने कहा कि रेल्वे पुल के दोनों ओर सर्विस रोड में जितने मकान अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं, हमने उन्हें उनके घर पहुँच कर अंतिम चेतावनी दे दी है कि वह स्वयं अपना अतिक्रमण हटा ले, अगर वे लोग स्वयं नहीं हटाते हैं, तो फिर हमें बलपूर्वक अतिक्रमण हटाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 40 से 50 की संख्या में मकान अतिक्रमण की चपेट में आ रहे हैं, जिन्हे मुआवजा भी मिल चुका हैं। रेल्वे ब्रिज की एक ओर की एप्रोच रोड बनकर तैयार हो गई हैं, वहीं दूसरी ओर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका हैं, जो बहुत जल्द बनाकर तैयार हो जाएगा। रेल्वे के बीच के हिस्से का निर्माण के लिए हमारे द्वारा कलेक्टर को पत्र लिख दिया गया हैं, दिसंबर माह तक लगभग यह कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद अपने गंतव्य पर पहुंचने में लगेगा कम समय- विवेक पटेल

वहीं विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि ट्रेन आने के समय रेल्वे का फाटक बंद कर दिया जाता हैं, जिससे नागरिकों को वहाँ खड़े रहना पड़ता हैं। रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद विकास को एक नई दिशा मिलेगी, ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को सीधे वारासिवनी-बालाघाट और महाराष्ट्र जाने में आसानी होगी और लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी, शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। ठेकेदार द्वारा ओवर ब्रिज के एक ओर एप्रोज रोड बनाकर तैयार कर दी गई हैं, दूसरी ओर मकान के अतिक्रमण नहीं हटने के कारण एप्रोच रोड नहीं बनी हैं, जिसका निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है, वह भी बहुत जल्द बनकर तैयार हो जायेगी।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार वंदना कुशराम, नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, पीडब्ल्यूडी एसडीओ अर्जुन सनोडिया, सब इंजीनियर राकेश कुम्भरे, पटवारी शिवा पटले, पटवारी शांतनु दुबे, एसआई सुरेन्द्र उके, सुदेश गुड्डू सोनी, राजा अली आदि मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारी दीदी ने दी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सीख

नाटक का मंचन कर नशे के दुर्गुणों से कराया अवगत

**वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत जन जागृति अभियान के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन और नाटिका का मंचन किया गया। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से जयश्री दीदी द्वारा मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व्याख्यान माला का शुभारंभ किया गया।





व्याख्यान माला में जयश्री दीदी एवं उर्वशी दीदी द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं सहित कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन द्वारा अपने उद्बोधन में नशीले पदार्थो से होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुये नशा से मुक्त रहने के लिये प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति पर एक नाटिका का मंचन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले कलाकारों में शिव ठाकरे, आकाश कसार, कुमारी श्रुति बांगरे, कुमारी नीशू बांगरे, कुमारी शिया ओगारे, कुमारी सलोनी भोयर एवं कुमारी रक्षा नेवारे शामिल थी।

इस मौके पर नशा मुक्ति की शपथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको एवं सेविकाओं सहित नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति जन अभियान परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा स्कूल परिवार के सदस्यों द्वारा ली गई। व्याख्यान माला का संचालन राकेश कुमार मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अंकित भाई प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**

## जिले में 1035.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 01 सितम्बर 25 तक 1035.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 01 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 872.8 मि.मी, कुरई में 687.7 मि.मी., बरघाट में 900.3 मि.मी., केवलारी में 1235.2 मि.मी., छपारा 995.5 मि.मी, लखनादौन में 1027.5 मिमी, धनौरा में 1004.4 मिमी एवं घंसौर में 1563.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 8286.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 01 सितम्बर 24 तक कुल 9297.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# कोतवाली पुलिस ने सफेद पाउडर तस्कर का निकाला पैदल जुलूस

**यहां से गुजर रहे राहगीरों ने भी आरोपियों की इस करतूत के विषय में जाना समझा और उन्हें देखा और साथ ही पुलिस द्वारा निकाले गए पैदल जुलूस की खुले मन से सराहना की।**

**कोतवाली पुलिस ने सोमवार को दोपहर सफेद पाउडर के नशे से जुड़े हुए अपराधियों को पकड़कर कार्रवाई करते हुए नगर में पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान अपना अपराध स्वीकारते हुए आरोपी बोलते नजर आए कि हमसे यह गुनाह हुआ है अब यह दोबारा नहीं होगा और इस प्रकार का अपराध स्वीकार कर और भी अपराध से दूर रहने की कसम खाते हुए पैदल जुलूस नगर पालिका चौराहे से होता हुआ बस स्टैंड, दल सागर तालाब, पोस्ट ऑफिस, जनपद कार्यालय व कचहरी चौक से होता हुआ कलेक्ट्रेट कार्यालय, न्यायालय की ओर गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नागरिकों का भी कहना है कि पुलिस की इस प्रकार की कार्रवाई से ही अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगेगा।
सिवनी जिले का एमडीएमए पावडर के कुख्यात तस्कर हाकिम खान के संपर्क अंतरराज्जीय गिरोह से नागपुर, पुणे (महाराष्ट्र) से दो अतर्राज्जीय एमडीएमए पावडर तस्करों की गिरफ्तारी कर सिवनी जिले में बढ रही मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद ने शख्त कदम उठाते हुये विगत दिवस जिला स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया।
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डे के निर्देशन में दिनांक 20-08-2025 को थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी श्री किशोर वामनकर ने सूफीनगर गांधीवार्ड सिवनी निवासी हाकिम खान को छिदवाडा रोड वायपास से एमडीएमए पावडर बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था, जिसपर थाना कोतवाली सिवनी में अप.क्र. 719/2025 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया था।
कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपराध मे अग्रिम विवेचना करते हुये आरोपी हाकिम खान के संपर्क पर प्रहार करते हुये लगातार कार्यवाही करते हुये महाराष्ट्र प्रांत के नागपुर एवं पुणे में अपनी टीम रवाना कर एमडीएमए पावडर की तस्करी में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विवेचना हेतु गठित टीम ने आरोपी हाकिम खान के मोबाईल नंबरों की बारीकी से जाँच पडताल कर पुणे एवं नागपुर से 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो वर्षों से पुलिस की नाक में दम कर एमडीएमए पावडर की सप्लाई करते थे। थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी ने बताया कि थाना सिवनी के अपराध में पूर्व से गिरफ्तार आरोपी हाकिम खान ने पुलिस रिमांड के दौरान अंतर्राज्जीय गिरोह के सदस्यों के नाम उजागर किया था, जिनकी गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर एक पुलिस दल नागपुर एवं पुणे रवाना किया गया था।


पुलिस ने किया बड़ा खुलासा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का विरोध: भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अपमानजनक भाषा प्रयोग करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने सिवनी में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर किया गया। भाजयुमो सिवनी ने भी प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आह्वान पर पुतला दहन में भाग लिया।**



### अभद्र भाषा पर आक्रोश

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की एक सभा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस पर उन्होंने कोई खेद नहीं जताया, जिससे उनकी सहमति झलकती है।
कांग्रेस के इस आचरण के विरोध में भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सिवनी में उग्र प्रदर्शन किया।

### भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया

भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने कहा - कांग्रेस नेताओं की घटिया मानसिकता उजागर हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पूज्यनीय मां के लिए अपशब्द कहना घृणित मानसिकता का परिचायक है।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा - चुनाव दर चुनाव हार का सामना कर रही कांग्रेस हताशा में प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है।
भाजयुमो जिलाध्यक्ष व उत्तर मंडल अध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने चेतावनी दी - प्रधानमंत्री के इस अपमान को युवा मोर्चा सहन नहीं करेगा। आवश्यकता पड़ी तो सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन किया जाएगा।

### सामूहिक निंदा और संकल्प

पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के आचरण की कड़ी निंदा करते हुए संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी की नकारात्मक राजनीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## राधा अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया



**घंसौर** /राधा अष्टमी पर नगर के मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में राधा कृष्ण के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने माखन मिश्री का भोग लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। नगर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम मंदिर को भव्य लाइटों गुब्बरों व सुगंधित पुष्पों से सजाया गया। श्री राम मंदिर में श्री राधिका जन्मोत्सव समिति घंसौर के तत्वावधान में राधा रानी का जन्म उत्सव श्रद्धा भाव से भजन संकीर्तन करते हुए राधा कृष्ण के भजनों का गुणगान कर मनाया गया। मंदिर में सुबह राधा रानी की प्रतिमा का अभिषेक कर परंपरागत तरीकों से सुंदर पोशाक पहनाकर पूजा अर्चना की गई। मंदिर परिसर विद्युत झालर एवं फूलों से सजाया गया। स्थानीय सहित दूर-दराज से मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने राधा कृष्ण के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। राधे राधे की जय घोष से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रतिवर्षानुसार इस 25 वे वर्ष में समिति द्वारा दोपहर 2:00 बजे ज्योति कलश की स्थापना की तथा भजन मंडली द्वारा शाम 6:00 बजे तक भजन कीर्तन किया गया इसके पश्चात रुद्राभिषेक किया गया एवं 9:27 में राधा रानी काअवतरण हुआ पूजा अर्चना कर हवन किया गया तत्पश्चात कन्या भोज कराया गया एवं महाप्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम के संचालक शरद पटेल सभी श्रद्धालुओं को राधा अष्टमी की बधाई दी।

## 3 सितंबर को सांसद फग्गन कुलस्ते एवं 6 सितंबर को शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आएंगे अन्नपूर्णा धाम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले का लखनादौन के समीप स्थित मां अन्नपूर्णा धाम अपनी धार्मिक अनुपम छटा बिखेर रहा है। मां अन्नपूर्णा धाम में मां अन्नपूर्णेश्वरी एवं नारायण नंदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा भव्य मंदिर में वर्ष 2022 में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हुई है।
मां अन्नपूर्णा धाम को अब छोटी काशी के नाम से भी जाना जा रहा है भारत के हिंदी प्रदेशों के अलावा भी कई प्रदेशों से एवं विदेश से भी भक्तगण गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सद्गुरु के चरणों में कई हजार भक्तगण समर्पण का भाव लेकर श्रद्धा सुमन अर्पण करने के लिए आते हैं। इस वर्ष भी 10 जुलाई 2025 को लगभग 20 से 25000 भक्तों ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में पहुंच कर अपने गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए दर्शन पूजन कर सनातन धर्म की गुरु शिष्य की परंपरा को शाश्वत किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव से प्रारंभ चातुर्मास व्रत का समापन 6 सितंबर 2025 को बड़ी भव्यता के साथ फिर भक्तों की बड़ी उपस्थिति में संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर 3 सितंबर 2025 दिन बुधवार को मंडला सिवनी सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते जी का मां अन्नपूर्णा धाम, श्री नारायण आश्रम बम्होरी पीठेरा (लखनादौन) होने जा रहा है ।
अनंत श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणा नंद तीर्थ जी महाराज के सन्निधान में चल रहे चातुर्मास व्रत महोत्सव में पहुंचकर सदगुरु देव के दर्शन पूजन एवं अभिनंदन करेंगे। इसी पावन अवसर पर चातुर्मास व्रत के समापन महोत्सव पर दिनांक 6 सितंबर 2025 दिन शनिवार को अपराह्न 3:00 बजे मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री माननीय राव उदय प्रताप सिंह जी शंकराचार्य स्वामी नारायणा नंद तीर्थ जी महाराज के दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। सनातन धर्म की इस पुण्य कारी पावन बेला में समस्त श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

## मानष पंकज जी के मुखाग्रविंद से बह रही गणेश उत्सव में अनवरत रामकथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जय श्री गणेशाय नमः गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बालाघाट जिले के अंतिम छोर पर पतित पावन पुंण्य शलीला मां बैन गंगा के पावन तट देवसर्रा ग्राम चांगूटोला में बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय मानस प्रेमी पंकज जी महाराज के मुखारविंद से राम कथा का आयोजन ग्राम वासियों की जन सहयोग से सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में किया गया है.
गत दिवस चतुर्थ दिवस की राम कथा का श्रवण पान करने के लिए निकट जिले सिवनी के उगली, खामी से श्रोतागण महाराज श्री के दर्शन और गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे,
रामकथा में पंकज मानस जी ने लंका पति रावण के जन्म का बखान किया, और बताया कि पहले रावण का जन्म हुआ है जो पाप से भरा हुआ था इसके बाद रात्रि की कथा में राम जन्म के ऊपर कथा करेंगे इन्होंने बताया कि पहले बीमारी आती है उसके बाद में उसका इलाज किया जाता है पहले समस्या आती है उसके बाद उसका समाधान किया जाता है उसी प्रकार जीवन में पहले अंधेरा आता है तब प्रकाश किया जाता है तो रामायण में भी पहले रावण का जन्म हुआ है उसके बाद में प्रभु श्री राम का जन्म हुआ है.और बताया कि रावण ऐसा पात्र था,रामायण में कुल 159 पात्रों का उल्लेख किया गया, जिसमें भगवान शंकर को प्रसन्न करके पूरे कैलाश पर्वत को ही इसने अपने हाथ पर उठाकर भगवान भोलेनाथ के चरण को अपने शीश में स्पर्श कर पर्वत को उठाए थे,,
वहीं दूसरी तरफ हनुमान जी महाराज को भी संजीवनी पर्वत उठाते हुए महिमा का बखान की अतः हनुमान जी और रावण में अंतर स्पष्ट किया कि हनुमान जी का भी उद्भवन बताये इनके चार पिता थे यह शंकर पुत्र थे, केसरी पुत्र थे, पवन पुत्र थे और इसी प्रकार लंकेश रावण को भी चार केंद्र बिंदु का आधार माना है, भगवान ब्रह्मा को चतुरानन, भगवान भोलेनाथ को पंचानन और रावण को दशानन की संज्ञा देते हुए कथा को सार में समझाते हुए भक्तगण श्रद्धालु माताएं बहने और विशेष अतिथियों की उपस्थिति में नियमित कथा का बखान आप श्री के पावन सानिध्य में भक्तों के द्वारा किया जा रहा है, अंतर्राष्ट्रीय संत मानस पंकज जी निकट राज्य छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं, जो सिवनी बालाघाट और महाराष्ट्र राज्य में उनके भक्तों के बीच बहुत ही साधारण और सहज रूप में उपस्थित होकर कथा का बखान कर देते हैं, पंकज मानस जी का एक बहुत ही अच्छा संकल्प ज्ञान है कि पानी पीजिए छानकर और गुरु बनाओ जानकर गत दिवस की कथा में श्री लक्ष्मी प्रसाद राहंगडाले पुलिस विभाग राजदीप राहंगडाले पत्रकार उगली समाजसेवी श्याम जायसवाल,कपूर चंद्र चौधरी और भी अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संगीतमय कथा का रसपान किये।

## विशाल और इनामी दंगल 5 सितंबर को आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

वर्षों की परंपरा के अनुसार महावीर व्यायाम शाला के तत्वाधान में भादो मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि को भरने वाले दंगल का आयोजन 5 सितंबर 2025 दिन शुक्रवार को बस स्टैंड ग्राउंड में आयोजित होगा। महावीर व्यायाम शाला समिति के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार प्रथम इनाम 11 हजार रुपया , द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 3 हजार, पंचम इनाम 2 हजार, छठा इनाम 1100 सो रुपया रखा गया है। जिसमें प्रथम में नाम सेठ चौधरी ठल्लू लाल के द्वारा, द्वितीय इनाम स्व . डा . बसंत तिवारी के स्मृति में, तृतीय इनाम मनीष जैन जिलाध्यक्ष मप्र श्रम पत्र संघ के सौजन्य से, चतुर्थ इनाम पंचेश्वर इलेक्ट्रिकल्स एवं मोटर वाइंडिंग , पंचम इनाम सौरभ जंघेला लाइफ पेथ केयर लेब,छटवा इनाम प्रमोद जंघेला स्व जगदीश उस्ताद के स्मृति में दिया जाएगा। दंगल व टेंट समाग्री की व्यवस्था चेमन सिंह बघेल संचालक किसान कृषि केंद्र के सौजन्य से, कार्यक्रम भगवान बजरंग बली की पुजन हनुमान मंदिर महावीर व्यायाम शाला बड़े ग्राउंड की करने के बाद पहलवानों का समूह ढोल, नगाड़े के साथ मलस्थल पहूंचेगा। विशाल ईनामी दंगल ठाकुर रजनीश सिंह विधायक मुख्य आतिथ्य,चेमन सिंह बघेल की अध्यक्षता, श्रीमती सुनीता देवी सिंह बघेल अध्यक्ष नगर परिषद, शिवचौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद , रंजीत सिंह ठाकुर जनपद अध्यक्ष ,प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, अनूप बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा, डॉ अविनाश तिवारी, सुनील अग्रवाल भैया जी ट्रेडर्स के विशिष्ट आतिथ्य मे शुभारंभ होगा । दंगल के सम्बंधित जानकारी मोबाइल नंबर-9630487151-9406722800-8120532065—8305721967—9770106871 से प्राप्त की जा सकती है।

## 'एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के तहत खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 29 से 31 अगस्त 2025 तक तीन दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 31 अगस्त को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मुख्य आतिथ्य में सिवनी शहर में भव्य सायकिल रैली का आयोजन किया गया।

### कलेक्टर ने किया शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर महोदया द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने पुष्पगुच्छ भेंटकर कलेक्टर महोदया का स्वागत किया।

### कलेक्टर भी बनीं सहभागी

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने हरी झंडी दिखाकर सायकिल रैली का शुभारंभ किया और स्वयं भी प्रतिभागियों के साथ सायकिल चलाकर शामिल हुईं। रैली मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर पालिका, छिंदवाड़ा चौक, मठमंदिर, कटंगी रोड, शुक्रवारी चौक, नेहरू रोड होते हुए पुनः हॉकी स्टेडियम पर संपन्न हुई। कलेक्टर की भागीदारी से प्रतिभागियों में उत्साह दोगुना हो गया।

### प्रतियोगिताओं का समापन व पुरस्कार वितरण

29 अगस्त को भारी वर्षा के कारण स्थगित रस्साकसी प्रतियोगिता के शेष मैच 31 अगस्त को कराए गए। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### खेल शिक्षक को सम्मान

लगातार 39 वर्षों तक शिक्षा विभाग में खेल शिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले श्री अश्विनी तिवारी को सेवानिवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर महोदया ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सेवानिवृत्त हुए अरुण राय

**सिवनी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक सिवनी द्वारा बी.आर.सी.सी. पद से सेवानिवृत्त हुए आदरणीय अरुण राय के सम्मान में आर्शीवाद पैलेस, ज्यारत नाका में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राय सर परिवार सहित उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की। अरुण राय का कार्यकाल सदैव गरिमामय एवं प्रेरणादायी रहा। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चाहे विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया हो, नवीन मान्यता का विषय हो अथवा आरटीई से संबंधित कार्रवाइयाँ, हर स्थिति में उन्होंने विद्यालयों का मार्गदर्शन एवं सहयोग किया। उनकी विशेषता यह रही कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुँचा, वह कभी निराश होकर नहीं लौटा। विद्यालयों के हित में उनके द्वारा किए गए निर्णय एवं सहयोग आज भी संचालकों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन से हुई माह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया। आयोजन से सभाकक्ष में देशभक्ति, अनुशासन और एकता का वातावरण निर्मित हुआ, जिससे माह का शुभारंभ हुआ।

## मिशन जीवन पर्यंत 2.0 के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये विस्तृत दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले के नवाचार मिशन जीवन पर्यंत के सफल क्रियान्वयन उपरांत मिशन जीवन पर्यंत 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए पूर्व चरण में छूटे हुए महिला हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्य योजना को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक को संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी वर्क कैंप आयोजित करने हेतु शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रेरित कर मिशन जीवन पर्यंत से जोड़ा जाए, अधिकतम हितग्रहियों को अटल पेंशन योजना में नामांकन कराया जाए।
कलेक्टर सुश्री जैन ने जिला प्रबंधक आजीविका मिशन को भी निर्देशित किया कि स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को मिशन जीवन पर्यंत अंतर्गत अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इससे समूहों की महिलाओं को भविष्य में सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।
इसी क्रम में, महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक को निर्देश दिए गए कि सहकारी बैंकों से जुड़े किसानों को भी अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। यह पहल किसानों के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा कवच सिद्ध होगी।
इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को महाविद्यालयों में कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्र-छात्राओं को भी इस योजना से अवगत कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रारंभिक अवस्था में ही वित्तीय सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

## डूण्डासिवनी पुलिस की अवैध शराब बिक्री पर सक्त कार्यवाही

# शराब पिलाने वाले ढाबा संचलकों पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज

**पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद द्वारा अवैध शराब के विरुध्द सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ ही आगामी त्यौहारो मे नशा मुक्त समाज व जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में समय समय पर दिशा निर्देश व मार्गदर्शन प्राप्त होते रहते है। थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा थाना स्टाफ के साथ बीट भ्रमण व आमजनता से जनसंवाद कर अवैध कार्य करने वालो के विरुद्ध जानकारी एकत्रित कर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।
विगत दो दिवस के भीतर डूण्डासिवनी पुलिस ने नशे के विरुध्द विशेष अभियान चलाकर 18 अलग अलग स्थानो पर अवैध शराब की बिक्री करने वालो के विरुध्द आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्यवाही की गयी है। साथ ही ढाबो पर शराब पिलाने वाले ढाबो पर भी आपाराधिक प्रकरण दर्ज किया जाकर अवैध शराब के विरुध्द सख्त संदेश दिया गया है।

### दो धार्मिक स्थलों से हटाये गये 14 लाउड स्पीकर

म.प्र. शासन के पूर्व के निर्देशानुसार सभी धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे जो पूर्व में कार्यवाही की जाकर थाना क्षेत्रांतर्गत सभी धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाया जा चुका था लेकिन समयअंतराल के पश्चात बहुत से धार्मिक स्थलों में पुनः ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर तेज ध्वनि में उनका उपयोग किया जा रहा था जो आज कार्यवाही करते हुये 02 धार्मिक स्थलों से 04 ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटाया गया है जिसमे से जनता नगर स्थित हुसैनी मजिस्व से वो एल्युमीनिय के चोगें साथ ही साथ आमाझिरिया ग्राम के एक मंदिर से दो चोगें (लउडस्पीकर) निकाले गये।
**विशेष भूमिका** निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, संजय बघेल, प्रआर. सुन्दरश्याम तिवारी, संजय वादब, आर. नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, रवि धुर्वे, विक्रम देशमुख, अनुराग दुबे, चन्द्रदीप हिवारे, म.आर. फरहीन खान ।

## नगर के बारापत्थर क्षेत्र में विराजमान गणपति बप्पा..


पूर्व पार्षद अलकेश रजक के निवास शास्त्री वार्ड में विराजमान श्री गणेश भगवान


जिला शिक्षा कार्यालय के पास विराजमान श्री गणेश भगवान

**खबर संक्षेप**

### भाजपा कार्यालय में मां फाउंडेशन और पंवार महिला समाज ने की गणेश आरती



**बालाघाट।** जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया जा रहा है। श्रृंखला में रविवार को प्रातः मां फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने संध्याकालिन पंवार महिला समाज ने सुख-समृद्धि के दाता, प्रथम पूज्य गणेश वंदना कर स्तुति की। पंवार समाज महिला मंडली ने गणेश भजनों और भारत माता के जयघोषों की मनमोहक प्रस्तुति दी। पश्चात महाप्रसादी वितरण की गई। शुभावसर पर सामाजिक जनों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और शुभ के देवता मंगलमूर्ति भगवान विनायक के आगमन के पावन पर्व श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विघ्नहर्ता की कृपा से हम सबके जीवन में सुख, शांति और नई ऊर्जा का संचार हो ऐसी प्रार्थना की। अनुष्ठान में समेत बडी संख्या में श्रृदालु भक्तों ने भगवान श्री गणेश का स्मरण किया।

### पूर्व विधायक नेताम जी द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का विमोचन किया गया

**बालाघाट।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के द्वारा आयोजित हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत म.प्र. सरकार के द्वारा सभी शासकीय संस्थाओ में एक सितम्बर 2025 को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु आदेशित किया गया। उसी तारतम्य में म प्र शिक्षक संघ ब्लाक शाखा बिरसा के तत्वाधान में संकुल शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के तहत सभी विद्यालयों के लिए इस कार्यक्रम के संकल्प पत्र एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। तत्पश्चात आज सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि, हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाएं रखेंगे। हम विद्यालय के संपदा संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुये उनका संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग करेंगे। हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनायेंगे, जहां कोई भेदभाव नहीं होगा, हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे।हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। हम विद्यालय को एक संस्था नहीं, अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगे।हम यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि, हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभियान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है।इसी भावना के साथ सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने संकल्प को दोहराते हुए राष्ट्रहित में सदैव कार्य करने की शपथ ली।

**मृतक की गरिमा पर प्रहार, चिकित्सक और स्वीपर का परिजन करते रहे इंतजार**

## दुधारा में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव





**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम दुधारा में एक 50 वर्षीय शख्स का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया है. पुलिस को सोमवार की दोपहर 01 बजे सूचना मिली. जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई करने के करीब एक घंटे बाद शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. चिकित्सक और स्वीपर की कमी के कारण यहां करीब 02 घंटे बाद यानी शाम करीब 04 बजे शव का पीएम शुरू हो पाया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. मृतक की पहचान दानी प्रसाद पिता नत्थुलाल ठाकरे के रुप में हुई है. कथित तौर पर पारिवारिक विवाद से तंग आकर दानी प्रसाद के आत्महत्या करने का अनुमान लगाया गया है. पुलिस इस घटना को हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं से जांच कर रही है. बताया जाता है कि दानी प्रसाद, नत्थुलाल ठाकरे ने दत्तक पुत्र थे. नत्थुलाल ठाकरे ने दानी प्रसाद के नाम एक जमीन क्रय की थी बीते कुछ समय से नत्थुलाल को ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दत्तक पुत्र दानी का ठाकरे दंपत्ति के प्रति ठीक व्यवहार नहीं है. इसी बात को लेकर घर में विवाद चल रहा था. जिसके चलते दानी प्रसाद दुधारा छोड़कर अपने पैतृक गांव अमई चले गए थे. हालांकि इसके बावजूद वह आए दिन दुधारा आते रहते थे. ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भी दानी प्रसाद दुधारा आए और फिर खेत की तरफ चले गए जहां उनका शव महुए के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया.

मृत्यु के बाद भी व्यक्ति का सम्मान बना रहना चाहिए यह अधिकार भारत का कानून प्रदान करता है. मगर, सरकारी अस्पताल कटंगी में चिकित्सक और स्वीपर की कमी कई मौके पर मृतक की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए नजर आती है. जैसा कि सोमवार को दुधारा के मामले में देखने में आया. करीब 02 घंटे तक शव को मरचुरी में केवल इसीलिए रखा गया क्योंकि चिकित्सक इमरजेसी ड्यूटी में थे और स्वीपर तिरोड़ी अस्पताल से आना था. गौरतलब हो कि सरकारी अस्पताल कटंगी में लंबे समय से स्वीपर का पद रिक्त पड़ा है. अभी मौजूदा वक्त में तिरोड़ी अस्पताल से स्वीपर के आने के बाद किसी भी लाश का पीएम हो पाता है या फिर शहर से ही प्राइवेट स्वीपर को बुलाया जाता है. जिसे अस्पताल से कोई मानदेय नहीं मिलता बल्कि स्वीपर को मजबूरी में मृतक के परिजनों के सामने मुंह खोलकर अपना मेहनताना मांगना पड़ता है कई बार इसी मेहनताना के मांगने पर विवाद हो जाता है. मृतक के परिजन अकसर स्वीपर से यह पूछने लग जाते है कि पीएम का काम तो सरकारी है फिर पैसा किस बात का दें. ऐसे विवादों के बीच अकसर पुलिस को सुलह करवाते हुए यह बताना पड़ता है कि अस्पताल में स्वीपर नहीं है इसीलिए प्राइवेट से जो स्वीपर आया है उसे पैसा देना पड़ेगा.

सूत्रों की माने शव विच्छेदन गृह में एक शव का पोस्टमार्टम करने के लिए जो सामान्य उपकरण लगते है उनकी हालत भी बहुत खराब है. इन उपकरणों की डिमांड करीब 06 माह पूर्व ही भेजी जा चुकी है लेकिन यह उपकरण आज तक मुहैया नहीं हो पाई है. अस्पताल का शव विच्छेदन गृह इतना गंदा रहता है कि यहां चिकित्सक भी असहज महसूस करते है ऐसे में जब परिजन पीएम के दौरान बॉडी को भीतर छोड़ने और लाने के लिए जाते है तो वह गंदी बदबू सहन नहीं कर पाते है. पीएम के बाद शव विच्छेदन गृह में केवल एक बाल्टी पानी डाला जाता है जिससे उसकी सफाई नहीं हो पाती. स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

**एड्स के प्रति जागरूकता के लिए चलाया जा रहा**

## सघन जागरूकता अभियान विविध स्थानों में लगे शिविर



**कटंगी।**

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 10 प्राथमिक चयनित जिलों के अंतर्गत बालाघाट जिले में सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान की शुरुआत 12 अगस्त राष्ट्रीय युवा दिवस से हुई है. जिसके अंतर्गत संपूर्ण जिले में एड्स के प्रति जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सोमवार 01 सितंबर को कटंगी के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थाओं और बालक/बालिका छात्रावास में शिविर आयोजित किए गए. आईसीटीसी परामर्शदाता चन्द्र दीप साहू ने जानकारी देते हुए बताया शक्ति विद्या मंदिर, हरिओम स्कूल, शासकीय राजा भोज महाविद्यालय, बालिका और बालक छात्रावास में शिविर और संगोष्ठी आयोजित की गई. शक्ति विद्या मंदिर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन हुआ. जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एचआईवी एड्स के कारण लक्षण, यौन रोगों के कारण लक्षण बचाव और 1097 निशुल्क नंबर, आईसीटीसी, एफटीसी एआरटी, कानूनी एक्ट की जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को आईईसी सामग्री पंपलेट पुस्तक पोस्टर आदि वितरित की गई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला एड्स नोडल अधिकारी के आदेश अनुसार प्रत्येक गांव और तहसील में जागरूकता अभियान के लिए कार्यक्रम आयोजित होने है. विकासखंड कटंगी में बीएमओ डॉक्टर पंकज दुबे के मार्गदर्शन में सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इन शिविरों आईसीटीसी परामर्शदाता चंद्रदीप साहू द्वारा बच्चों को बताया जा रहा है कि एचआईवी की रोकथाम बहुत आवश्यक है क्योंकि एचआईवी के वायरस को खत्म करने की दवा अभी तक निर्मित नहीं है. जानकारी ही बचाव है एड्स पर यदि विजय पाना है तो सही जानकारी तक हमें भी पहुंचना है औरों को भी देना है "अधिकारों की राह अपनाए मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार" "इग्नोर नहीं करना," "एड्स हारेगा देश जीतेगा" "इग्नोर नहीं करना याद करना" की थीम कार्य किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र में रह रहे प्रत्येक व्यक्ति को एचआईवी एड्स की जानकारी मिलती रहे और भ्रांतियां से दूर रहे या सघन जागरूकता अभियान 12 अक्टूबर तक चलाया जाना है. इसमें सभी का समन्वय होना आवश्यक है और स्वास्थ्य विभाग से आरबीएसके के टीम, टीवी, उमंग, आशा कार्यकर्ता, एमपीडब्ल्यू, आशा सहयोगिनी, एएनएम, महिला बाल विकास, ग्राम पंचायत ,नगर पालिका मजदूर संघ, शिक्षा विभाग, कॉलेज में कार्य कर रहे रेड रिबन क्लब और अन्य सभी संस्थाएं के सहयोग और साथ में कार्य किया जाना है.

## जागरूक नागरिकों ने उठाई एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति पर आपत्ति



**पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण से वाहन खराब होने की बढ़ रही शिकायतें**

**लांजी।** नगर के जागरूक नागरिकों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेश पर पेट्रोल में 20प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जा रहा है, जो वाहनों के इंजन के अनुकूल नहीं है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने तहसील कार्यालय पहुंचे नागरिकों का आरोप है कि एथेनॉल की अधिक मात्रा के कारण वाहनों में घातक स्तर पर खराबियां आ रही हैं। कई बार तो वाहन का इंजन ही बंद हो जाता है, जिससे आम जनता को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान और बहुमूल्य समय की बर्बादी हो रही है। एथेनॉल मिश्रित इंजन के निरंतर उपयोग से कुछ समय बाद वाहन पूरी तरह खराब हो सकते हैं। नगर के जागरूक नागरिकों ने नायब तहसीलदार संजय बारस्कर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में मांग करते हुए कहा की एथेनॉल मुक्त पेट्रोल की आपूर्ति कराने का कष्ट करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि यह मुद्दा आम जनता के जीवन से जुड़ा हुआ है और इस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमार नागेश्वर, दिनेश पंचेश्वर, अनीराम चौहान, देवा जी रामटेके, विजय सोनवाने, अरुण टांडेकर व अन्य जागरूक नागरिकों ने नायब तहसीलदार संजय बारस्कर को ज्ञापन सौंपा।

## समता सैनिक दल का विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**महाबोधी महाविहार बुद्धगया मुक्त करने हेतु SSD द्वारा भोपाल में निकला शांति मार्च**

**डॉ.भीमराव य.आंबेडकर साहेब संकल्प की पूर्ति हेतु पूरे देश में SSD के होंगे प्रशिक्षण शिविर-बी एच गायकवाड**





**बालाघाट।** भारतीय बोद्धो के सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संघठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का संरक्षण विभाग अर्थात समता सैनिक दल का विशेष प्रशिक्षण शिविर एवं विश्व के बौद्धो का प्रमुख स्थल जहा पर विश्व शांति के अग्रदूत तथागत सम्यक सम्बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ। वह बोधगया स्थित महाबोधी महाविहार के मुक्ति हेतु समता सैनिक दल मध्यप्रदेश रेजीमेंट द्वारा भोपाल मुख्यालय के डॉ.आंबेडकर जयंती मैदान सेकेण्ड स्टाप से संपूर्ण पंचशील नगर एवं क्षेत्र में शांती मार्च निकाला गया,उक्त दोनो आयोजनों के मुख्य अतिथि बी.एच.गायकवाड राष्टीय सचिव व म.प्र. के पालक मंत्री मुंबई, प्रमुख अतिथि डॉ.एडवोकेट एस.एस.।वानखेडे राष्टीय सचिव एवं SSD के असिस्टेंट स्टाफ ऑफिसर मुंबई थे,आयोजन के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष एवं GOC SSD मप्र. दक्षिण,आर.सी. दिवाकर अध्यक्ष एवं GOC SSD म.प्र. उत्तर थे। प्रमुख अतिथि के रूप में गौतम पाटिल राष्टीय संघठक भोपाल,डॉ. शांताराम वाघ उपाध्यक्ष समता सैनिक दल के लेफ्टिनेंट कर्नल,डॉ.उत्तम प्रधान महामंत्री एवं लेफ्टिनेंट कर्नल.तथा रमेश बिल्लारे सीनियर DO SSD, ने बहुत ही अच्छी तरह से जवानों को प्रशिक्षण दिया। सारे आयोजनो की व्यवस्था मध्यप्रदेश के बी.सी.सहारे, अनिल अवधरे प्रदेश संघठक, मनोज निकोसे एवं भोपाल जिलाध्यक्ष दिलीप बनकर, सुखदेव(,गुड्डू)सीरीसाठ नगर अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम द्वारा उत्तम व्यवस्था की गई। समता सैनिक दल के विशेष प्रशिक्षण शिविर में ड्रील कदवार लाईन में खडे रहना, सावधान विश्राम, आराम से मुडना, कदम लेना, कदवार से तीन लाईन, खुली और निकट लाईन, तेज चल, कदम ताल, ड्रील, सेल्यूट, रिपोटिंग, जनरल सलामी, लाईनमोड, विसर्जन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर डा. जयंती मैदान भोपाल में विस्तृत रूप से 5 समूह बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। वही मौखिक विषय बाबा साहेब ने समता सैनिक दल का निर्माण क्यो किया, पूर्वज एवं दल का शौर्य, संविधानिक अधिकार, आ.पी.सी. कानून आदि पर भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में 150 सैनिकों ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान इंदौर एवं भोपाल जिला बटालियन से महिला एवं पुरुष सैनिकों की उपस्थिति सराहनीय रही,अंतिम सत्र में चैत्य बुद्ध विहार पंचशील नगर से अतिथियों के मार्गदर्शन में महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु समता सैनिक दल मध्यप्रदेश रेजीमेंट द्वारा क्षेत्र में एक शांती मार्च रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी सैनिको व संघठन के पदाधिकारियों ने हाथो में महाबोधी मुक्ति हेतु विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे हुई पट्टीयां,पंचशील के ध्वज थे। मुख्य अतिथि श्री गायकवाड ने बताया कि बोधीत्सव डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा स्थापीत किये गये समता सैनिक दल को 20 मार्च 2027 में पूरे 100 वर्ष होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य में संस्था के राष्टीय कार्याध्यक्ष बाबा साहेब के पौत्र डॉ.भीमराव य आंबेडकर साहेब द्वारा पूरे भारत देश में 1 लाख दल के सैनिक बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प की पूर्ति हेतु भोपाल में यह आयोजन किया गया। इस समारोह में मध्यप्रदेश राज्य उत्तर दक्षिण के साथ भोपाल मुख्याल से भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें बालाघाट से जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, हेमलता डोंगरे, राजकपुर कामडे, प्रमीला चौहान, साधना ढेंगरे SSD की डिवीजन आफिसर,केंद्रीय शिक्षिका खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष , आनंद वैध सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दिव्यांग जन कल्याण संघ द्वारा आयोजित सेवा संकल्प दिवस समारोह संपन्न

### ग्राम स्वराज भवन भानेगांव में स्वास्थ्य शिविर का भी हुआ आयोजन






**लांजी।** तहसील क्षेत्र लांजी के ग्राम भानेगांव में दिव्यांग जन कल्याण संघ द्वारा आयोजित सेवा संकल्प दिवस समारोह में भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह समारोह संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था, जिसे प्रतिवर्ष सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस समारोह का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना था। इस समारोह के सफल आयोजन के बाद, दिव्यांग जन कल्याण संघ आगे भी दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। संघ की योजना है कि वे दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर दिनांक 31 अगस्त को ग्राम स्वराज भवन भानेगांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गयाए जिसमें 207 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरण की गई। इस शिविर में विदर्भ के ख्याति प्राप्त चिकित्सकों ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। यह शिविर दिव्यांगजनों और गरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हुआ।

### दिव्य रत्न पुरस्कार का वितरण

इस दौरान संघ के परंपरा अनुसार समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य नागरिकों को संघ का सर्वोच्च दिव्य रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 2025 का यह पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा बालाघाट को संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए दिया जाता है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा ने कहा, ष्दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमें उम्मीद है कि इस समारोह से दिव्यांगजनों को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित होंगे।

### दिव्यांगता परमात्मा का परम अंश और इनकी सेवा परमात्मा की सेवा: राम देवीचरण ठाकरे सरपंच

ग्राम पंचायत भनेगांव के सरपच राम देवीचरण ठाकरे ने कहा है कि सामाजिक समानता और समरसता लोक कल्याणकारी राज्य का प्राथमिक दायित्व है। समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों के हितों की पूर्ति एवं उनका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार दिव्यांगजनों को संबल देकर उन्हें समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठए। सरपंच राम देवीचरण ठाकरे ने कहा कि दिव्यांगजन परमात्मा का परम अंश है और इनकी सेवा परमात्मा की सेवा है। दिव्यांग जन संघ द्वारा ग्रामीणों को लाभ दिलाने के लिए यह शिविर लगाया गया है। इस शिविर में नए बीमार लोगों को भी चिन्हित किया गया और उन्हें उनकी जरूरत के मुताबिक सहयोगए मार्गदर्शन तथा सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की सलाह डॉक्टर के द्वारा दी गई।

### विशेष अतिथियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर, दिव्य रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा, लीलाधर रावते वरिष्ठ समाजसेवी, सुनीता मंडावी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत भानेगांव, रेवाजी करहाटकर सभापति महिला एवं बाल विकास ज.पं लांजी, संरक्षक महोदय लक्षमण दुर्गादास जी छुट्टानी, राम ठाकरे सरपंच, प्रेरक जगदीश मिश्रा, मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार पवन कश्यप, श्रीमती केशर उरकुड़े श्रीमती मालती ठाकरे, संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे सचिव रूपेश कुमार कुथे संयुक्त सचिव अनीता उईके, राजकुमार बेदरे, प्रमिला पारधी, सलिता ठाकरे, केदारनाथ ऐडे, अनिल कुर्वे, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## फर्जी रजिस्ट्री मामले में प्रशासन की लापरवाही से शिकायतकर्ता परेशान



**लांजी।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 सेंट्रल बैंक के पीछे हल्का नंबर 19/60 लांजी स्थित खसरा नंबर 27/23, रकबा 0.024 हेक्टेयरए कुल 240 वर्गमीटर भूमि की फर्जी रजिस्ट्री का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मामले में शिकायतकर्ता विजय मिश्रा का आरोप है की इस ज़मीन को प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर रजिस्ट्री करवा दिया गया। और जिस जमीन की रजिस्ट्री की गई है उसकी फ ोटो न लगाकर अन्य जमीन की फ ोटो रजिस्ट्री में चस्पा की गई है जो गंभीर जांच का विषय है । जानकारी अनुसार बोलेगांव निवासी कोमिन पति धनराज आमाडारे ने अपनी ज़मीन को ग्राम बिसोनी की भूनेश्वरी बेदरे पत्नी राजकुमार बेदरे को बेचा गया है। यह वही ज़मीन थी जिस पर ईडी की रोक थी। लेकिन सत्ता और तंत्र की आँखों में धूल झोंक कर दस्तावेजो का हेरफेर किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित की गई भूमि का फ जर्ीवाड़ा सामने आने से कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं । वहीं जिले की अन्य तहसीलों में अवैध ओर फर्जी रजिस्ट्री पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है परंतु लांजी क्षेत्र में शिकायत के बाद भी कोई सख्त कार्यवाही नहीं होने से ऐसी करतूतों को बल मिल रहा है। इस मामले में एसडीएम को शिकायत प्राप्त होने पर उनके द्वारा तहसीलदार लांजी और उपपंजीयक को जांच के निर्देश दिये गये थे परंतु इस जांच में लगातार देरी होने से शिकायतकर्ता ने अधिकारियों के भी इस मामले में संलिप्तता का अंदेशा जताया है।

### जांच प्रतिवेदन पर भी उठाए सवाल...

शिकायतकर्ता विजय मिश्रा द्वारा उपपंजीयक लांजी द्वारा की गई कार्यवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया की हमारी शिकायत में दोनो ही जमीन की स्पष्ट फ ोटो प्रशासन को उपलब्ध कराई गई है तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रतिबंधित भूमि का खसरा नंबर भी उपलब्ध कराया गया है उसके बावजूद अधिकारियों और क्रेता-विक्रेता की मिली भगत से प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर फ र्जी रजिस्ट्री के कारनामे को अंजाम दिया गया है। श्री शर्मा ने कहा उपपंजीयक ने एसडीएम के आदेश श्री शर्मा ने कहा उपपंजीयक ने एसडीएम के आदेशों की अवहेलना करते हुए स्थल निरीक्षण के समय क्रेता-विक्रेता को भी उपस्थित होने के लिये नहीं कहा और अब अपने जांच प्रतिवेदन में भूमि के मूलभूमि स्वामी उपस्थित नहीं होने का हवाला दिया गया है। तथा अब पुनः उक्त भूमि का पटवारी से सीमांकन कराने की बात कही जा रही है जो पूर्णतया गलत है।

### पुलिस प्रशासन पर सहयोग नहीं करने का आरोप....

इस मामले में शिकायतकर्ता विजय शर्मा द्वारा कहा गया की उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है वहीं दोषियों पर थाने में एफआईआर नहीं किये जाने से मामला ठंडे बस्ते में जाता प्रतीत हो रहा है। उन्होने कहा अब वह अपनी शिकायत लेकर जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक के पास जाने का मन बना रहे है ताकि उक्त फर्जी रजिस्ट्री मामले में दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो और वे सलाखों के पीछे जा सके। शिकायकर्ता ने बताया की थाना जाने पर नगर निरीक्षक द्वारा राजस्व का मामला होने की बात कही जाती है वहीं तहसील में जांच के विषय में जानकारी मांगने पर प्रतिवेदन बनाकर लांजी थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भेजने की बात कही जा रही है। जिससे वे एक टेबल से दूसरे टेबल के चक्कर लगाने पर मजबूर हैं।